दिनांकः 19.06.2024 समय : 01:00 पी. एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सीएमओ में बजट पूर्व की बैठक ले रहे हैं। इसमें उद्योग जगत और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर सुझाव लिये जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद हैं।

....

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में संविधान पार्क का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। इसके बाद विश्वविद्यालय का 33वां दीक्षांत समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि यूजी और पीजी परीक्षाओं में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले 126 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 467 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी जाएगी।

....

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया पर योगासन का वीडियो साझा किया है। इसमें शशांकासन का प्रदर्शन किया गया है। इसमें आसन करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इसके फायदों का जिक्र करते हुए बताया गया है कि शशांकासन कब्ज, पीठ दर्द से राहत और तनाव तथा क्रोध को कम करने में मदद करता है। उच्च रक्तचाप और गठिया से पीड़ित रोगियों को इस आसन को करते समय सावधानी बरतने या इसे नहीं करने की सलाह दी गयी है।

इस बीच, प्रदेश में योग दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों का सिलसिला लगातार जारी है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। योग महोत्सव के तहत विभिन्न स्थानों पर पूर्वाभ्यास भी करवाया जा रहा है। जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से योग दिवस पर जंतर–मंतर पर योगाभ्यास करवाया जाएगा।

....

सुप्रीम कोर्ट लम्बित मामलों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए 29 जुलाई से विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा। 3 अगस्त तक चलने वाली ये विशेष अदालत सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष में आयोजित की जा रही है। इसमें वैवाहिक और संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, सेवा और श्रम से संबंधित मामलों को निपटाया जाएगा।

....

राज्य में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसके लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत बीकानेर में आज राज्य भारत और स्काउट गाइड की ओर से जागरुकता रैली निकाली गयी। कल केन्द्रीय कारागार के बंदियों के साथ संवाद कार्यक्रम रखा गया। वहीं भरतपुर में आज स्वंय सेवी संस्थाओं की ओर से मनरेगा कार्य स्थलों पर श्रमिकों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गयी।

इसके साथ ही राजकीय अस्पताल में नशा मुक्ति शिविर लगाया गया। कोटपूतली–बहरोड़ में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में भी आज नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

....

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर तेज गर्मी और उमस के हालात बरकरार हैं। दिन चढ़ने के साथ ही गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। जैसलमेर, बीकानेर, जयपुर, शाहपुरा, कोटपूतली सहित अन्य स्थानों पर गर्मी का सितम जारी है। हालांकि कई स्थानों पर कल शाम मौसम बदला। बारां, अटरु, छबड़ा, अंता, कोटा, झालावाड़ और छीपाबड़ौद सहित कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार जयपुर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

....

टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज से सुपर–8 मुकाबले शुरू होंगे। इस दौर के सभी मैच वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। पहला मुकाबला आज अमरीका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। कल भारत का मैच अफगानिस्तान से होगा। खिताबी मुकाबला 29 जून को बारबाडोस में होगा।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला अंक होगा।

....